www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-208 सागवाड़ा, मंगलवार,5 अप्रैल, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# 40 डिग्री तापमान में टेंट के नीचे बैठकर बच्चे पढ़ने को मजबूर

## पादरड़ी बड़ी के कंडोला स्कूल के हालात, 109 बच्चों के लिये मात्र तीन कक्षा कक्ष कक्षा 6 व 7 के 39 बच्चे बैठ रहे टेंट के नीचे





**सागवाड़ा।** गर्मी अपने चरम पर है। इन दिनों 40 डिग्री तापमान है। पंचायत समिति सागवाड़ा की पादरड़ी बड़ी ग्राम पंचायत के कंडोला गांव में राउप्रावि कंडोला स्कूल के हालात यह है कि बच्चे टेंट के नीचे बैठ कर पढ़ने को मजबूर है।

स्कूल में कक्षा कक्ष के अभाव में बच्चों को टेंट के नीचे बैठाया जा रहा है। पिछले तीन माह से यहीं समस्या है। अब गर्मी में परेशानी बढ़ गई है।

### स्कूल में यह है बैठक की व्यवस्था

स्कूल में 109 बच्चों का रोल है जबकि वर्तमान में यहां 3 कक्षा कक्ष है। जिसमें एक कक्ष में आफिस और दो में कक्षाएं चल रही है। कहा 8 के 22 बच्चे एक छोटे रूम में बैठाए जा रहे है जबकि कक्षा 1, 2 व 3 के 32 बच्चों को एक कक्ष में बैठाया जा रहा जिसमें स्टोर का सामान भी है। कक्षा 4 व 5 के 25 बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में बैठाया जा रहा है।

### जजर्र भवन गिराने से बढ़ी परेशानी

1984 में खुली स्कूल 2006 में उप्रावि में क्रमोन्नत हुई थी। स्कूल के पास कमरे थे लेकिन गिरा दिये गये। 6 कमरें जर्जर घोषित किये गये थे जिन्हें सालभर पहले ही गिरा दिये गए थे।

### पीओ से लेकर डीओ तक को जानकारी

स्कूल की स्थिति की जानकारी पीईईओ से लेकर डीओ तक को है। इसके बाद भी बच्चों को परेशान होना पड़ यहा है। ग्रामीण स्कूल की स्थिति को लेकर प्रधान, विधायक, सांसद और राज्य सरकार के मंत्री तक पहुंचे है। स्थानीय नेताओं को भी परेशानी से अवगत कराया है लेकिन वहां से सिर्फ

# स्कूल से घर जा रही छात्रा का किडनैप कर रैप

## 1 साल तक घर पर रखा, 5 जनों के खिलाफ केस दर्ज

**सीमलवाड़ा।** स्कूल से घर जा रही एक नाबालिग छात्रा को चाकू दिखाकर किडनैप करने और एक साल तक रैप का मामल सामने आया है। आरोपी ने उसके साथ फर्जी तरीके से शादी भी कर ली। पीड़िता की रिपोर्ट पर अब पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की 16 साल की नाबालिग पीड़िता ने केस दर्ज करवाया है। पीड़िता ने बताया की 20 अक्टूबर 2021 को वह स्कूल पढ़ने गई थी। छुट्टी के बाद शाम 4 बजे घर आ रही थी। उसी समय रास्ते में सुनील पुत्र रणछोड़ रोत निवासी पाडली गुजरेश्वर फला पाडली सांसरपुर, अशोक पुत्र गौतम रोत बाइक लेकर आए। दोनो ने चाकू दिखाकर उसे डराया धमकाया। उसे जबरन बाइक पर बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर चाकू से मारने की धमकी दी। इस पर उसकी सहेलियों ने भी विरोध किया तो पत्थर मारकर उन्हें भगा दिया। इसके बाद आरोपी सुनील उसे जबरन बाइक पर बैठाकर उसके घर ले गया और अंदर बंद कर दिया। इसमें सुनील के माता -पिता और एक अन्य व्यक्ति ने सहयोग किया।

आरोपी सुनील ने उसके साथ रैप किया और किसी को बताने या भागने पर जान से मारने की धमकी दी। डर की वजह से वह भाग नहीं सकी। रैप से बचने के लिए सुनील ने 13 दिसंबर 2021 को अपने परिवार के लोगो के साथ मिलकर उसके साथ शादी भी कर ली। इसके बाद उसके साथ कई बार रैप किया। 10 मार्च 2022 को सुनील और परिवार के लोग सोए थे। उस समय चुपके से वह भाग निकली। इसके बाद वह अपनी बुआ के घर गई और घटना के बारे में बताया। वही अपने माता -पिता को भी आपबीती सुनाई। घर आने के बाद भी आरोपी सुनील अपने 5 साथियों के साथ घर पर आया और चाकू दिखाकर पूरे घरवालों को जान से मारने की धमकी दी और उसे जबरन ले जाने का प्रयास करने लगा। लेकिन हल्ला करने पर दूसरे लोगो के आने से आरोपी वहा से भाग गए।

पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ बंधक बनाकर रैप का केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच थानाधिकारी भेमजी गरासिया की ओर से की जा रही है।

# नाबालिग से गैंगरेप का मामला, दो भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज

**सीमलवाड़ा।** धंबोला पुलिस थाना में एक नाबालिक लड़की के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। जिसकी जांच सीमलवाड़ा पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर लाल चौहान कर रहे हैं । धंबोला सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक नाबालिक लड़की अपनी बहन के साथ 17 मार्च 2022 की शाम 6 बजे घर से गांव में जा रही थी कि पानी टंकी के पास आरोपी रूपा व उसका भाई बाइक लेकर आया, नाबालिक का हाथ पकड़कर एक दर्रे में ले गए जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया जिसमें उसके भाई ने सहयोग किया। पीड़िता ने घर पहुंच पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने पोस्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कर तंबोलिया थाना चितरी निवाड़ी रूपा पुत्र लक्ष्मण और उसके भाई के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रकरण की जांच पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर लाल चौहान कर रहे हैं।

# कोविड स्वास्थ्य सहायकों के कार्यमुक्त आदेश को निरस्त करवाने का जताया विरोध

**सागवाड़ा।** जिले में कोविड स्वास्थ्य सहायकों के कार्यमुक्त आदेश को निरस्त करवाने को लेकर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल सागवाड़ा के स्थायी नर्सेज एसोसिएशन ने काली पट्टी बांधकर जताया। स्थायी नर्सेज एसोसिएशन ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शित करते हुए कहा कि सरकार ने कोविड लहर को देखते हुए 28 हजार कोविड स्वास्थ्य सहायकों को नियुक्ति दी थी। जिसके 9 माह की सेवा के बाद 31 मार्च 2022 से कार्यमुक्त कर दिया सरकार के आदेशों की पालना में परमानेंट नर्सेज एसोसिएशन संघ राजकीय चिकित्सालय सागवाड़ा के नर्सेज कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान नर्सिंग एसोसिएशन के शंकर यादव, नरेश पाटीदार, रतनलाल यादव, लक्ष्मी मीना, केसरीमल डेंडोर, नानूराम सरपोटा, प्रवीण मनात, कल्पेश सोमपुरा, देवेंद्र पाटीदार, जितेंद्र बुनकर, रेखा खांट, कौश्यला, माया बामनिया, मुकेश पाटीदार दिव्येश जैन आदि मौजूद थे।

# बांसिया में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 102 मरीजों ने लिया लाभ

**सीमलवाड़ा।** आयुर्वेद औषधालय बांसिया द्वारा नि:शुल्क निदान, जांच एवं स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर का आयोजन हुआ। डॉ सतानंद सिंह ब्लॉक अधिकारी सीमलवाडा के सान्निध्य में आयुर्वेद विभाग उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डूंगरपुर डॉ प्रदीप कुमार उपाध्याय के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय नि:शुल्क नियमित जाँच एवं निदान शिविर ब्लॉक सीमलवाडा अंतर्गत राजकीय आयुर्वेद औषधालय बांसिया में ग्राम पंचायत बांसिया के सरपंच सूरज देवी डोडियार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। भगवान धन्वंतरि के दीप प्रज्वलन एवं माला अर्पण कर आशीर्वाद लेकर शिविर का प्रारंभ किया गया । शिविर में विविध रोगों का जैसे पथरी, नि:संतान वन्ध्यत्व, उच्च रक्तचाप, प्रमेह डायबिटीज, अर्श-भगंदर, वात व्याधि, स्वर्ण प्राशन इत्यादि का परामर्श एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा 102 मरीजों का उपचार किया गया । जिसमें डॉ अभयसिंह मालीवाड के पुत्र पूर्वसिंह मालीवाड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 बच्चों को नि:शुल्क स्वर्णप्राशन करवाया गया । बांसिया में लक्ष्मण सिंह, गजराज सिंह, करण सिंह, जगदीश रोत, नगजी यादव, गुणवंत कलाल, हक्सी भाई, छगनलाल दर्जी, रणछोड़ कोटेड, जयपाल सिंह एवं ग्राम जन की उपस्थिति में विविध रोगों पर विशेष परामर्श में डूंगरपुर, बांसवाड़ा से आए मरीजों ने शिविर में निशुल्क डायबिटीज की जांच एवं चिकित्सा का लाभ लिया । शिविर में अर्श विशेषज्ञ डॉ सतानन्द सिंह , पथरी एवं डायबिटीज के लिए डॉ अभयसिंह मालीवाड एवं डॉ शान्ति लाल परमार ने चिकित्सा सेवाएं दी । कमला शंकर बलात वरिष्ठ कंपाउंडर, सीमलवाडा, लक्ष्मण लाल दायमा वरिष्ठ कंपाउंडर, चाड़ोली, भायचंद डामोर कनिष्ठ कंपाउंडर, जयेश पंड्या परिचारक, राजेन्द्र प्रसाद डामोर परिचारक, बांसिया, उक्त सहित स्टाफ ने अपनी उपस्थिति देकर सेवाएं दी ।

# कचरा घाटी में हुई पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था

## पालिका के टेंकर से पानी के सप्लाई के पालिकाध्यक्ष ने दिये निर्देश

**सागवाड़ा।** गर्मी में पानी की आवश्यकता हर किसी को होती है। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका सागवाड़ा की ओर से यहां पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि पिछले दिनों गौ भक्तों के साथ नगरपालिका में बैठक हुई थी। बैठक में उन्होंने मांग की थी कि कचरा घाटी क्षेत्र में पशुओं के पानी की व्यवस्था की जाए। खोडनिया ने बताया कि इन दिनों गर्मी तेज है। पारा 40 पार है ऐसे में बेजुबान पशुओं और परिंदों के लिए पानी कु व्यवस्था करना पुण्य का काम है।

नगर पालिका अपनी ओर से व्यवस्था करने का पूरा प्रयास कर रही है लेकिन शहरवासी भी इस कार्य में सहयोग करें और अपने घर और मोहल्लों में पशुओं के लिए पानी का इंतजाम करें। खोडनिया ने बताया कि गौभक्तों की मांग को देखते हुए नगर क्षेत्र और कचरा घाटी में भी पानी की व्यवस्था की गई है। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि कचरा घाटी में पशुओं के लिए नगर के गो भक्तों की मांग पर गर्मी में पीने के पानी की बड़ी होज़ बनवाने के लिए कहा था जो बनकर तैयार है। पालिका की ओर से टेंकर द्वारा इसमें पानी डालने के निर्देश दिये गए है।

# रामनवमीं पर निकलने वाली शोभायात्रा का नगरपरिषद करेगा भव्य स्वागत

## सभापति ने कार्मिको की ली बैठक, कहा स्वच्छता, रोशनी और जलपान व्यवस्था पर नहीं बरते कोई कोताही

**डूंगरपुर।** 10 अप्रैल रामनवमी को शहर में निकलने वाली ऐतिहासिक शोभा यात्रा का नगरपरिषद भव्य स्वागत करेगा और शोभा यात्रा में स्वच्छता,जलपान और रौशनी की व्यवस्था में कोई कोताही न बरते ये बात नगरपरिषद के सभापति अमृत कलासुआ ने परिषद के सफाई,पार्क और विद्युत शाखा के कार्मिको की बैठक लेते हुए कही। मंगलवार को सभापति ने कहा कि 10 अप्रैल को शहर में भगवान राम के जन्मोत्साहव के तहत एक ऐतिहासिक शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकलेगी जिसमे शहर सहित जिले के कई



संख्या में धर्मप्रेमी शामिल होंगे और शहर में भव्य आयोजन होंगे जिसको लेकर परिषद की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है जिसके लिए सभी कार्मिक अपनी व्यवस्थाओ को लेकर कार्य योजना बना लेवे एवं इस कार्यक्रम को लेकर कोई कोताही न बरते। सभापति ने कहा कि सफाई शाखा अपनी एक टीम का गठन कर शोभा यात्रा के पीछे रहेगी जो स्वच्छता का ध्यान रखेगी वही सभी पार्क में परिषद का कार्मिक मौजूद रहे और पार्को में सफाई व्यवस्था चाक चोबंध रखे। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा शोभा में शामिल होने वाले धर्मावलम्बियों हेतु जल व्यवस्था का भी प्रबंध कर रही है इस व्यवस्था हेतु हमारा कार्मिक वहां उपस्थित रहे साथ ही शोभा यात्रा मार्ग पर विशेष सफाई का ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शहर में ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकलने वाली है और इस शोभा यात्रा में जिले सहित जिले के बाहर के कई गणमान्य नागरिक शामिल होंगे ऐसे में हमारे शहर की स्वच्छता और सुंदरता का विशेष ध्यान रखा जाए बाहर से आने वाल प्रत्येक व्यक्ति हमारे शहर के लिए अच्छा सन्देश लेकर जाए।

# डूँगरपुर-बांसवाड़ा वाया रतलाम रेल का मामला राज्यसभा में गूंजा


## कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्य सभा सांसद नीरज डांगी ने मामले को रखा संसद में

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर-बांसवाड़ा वाया रतलाम रेल परियोजना का मामला राज्य सभा मे भी गुंजा।कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्य सभा सांसद नीरज डांगी ने मंगलवार को शून्यकाल में रेल परियोजना मामले पर अपने अभिभाषण में कहा कि रेल 2011-12 डूंगरपुर-रतलाम वाया बांसवाड़ा नयी रेल लाइन परियोजना स्वीकृत की गई थी।इस हेतु राजस्थान सरकार तथा रेल मंत्रालय के बीच लागत सहभागिता के लिए वर्ष 2011 में एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।एमओयू के समय परियोजना की संभावित लागत रुपये 2082.75 करोड़ (परियोजना लागत)एवं रुपये 180.94 करोड़ (भूमि लागत)थी,जिसमे राजस्थान सरकार द्वारा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत वहन किया जाना था और राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में पड़ने वाली भूमि अधिग्रहण की लागत राजस्थान सरकार द्वारा वहन की जानी थी।राजस्थान सरकार द्वारा रेलवे को प्रथम क़िस्त रुपये 200 करोड़ का भुगतान मार्च 2011 में कर दिया गया और इस परियोजना का शिलान्यास दिनांक 30.06.2011 को कर दिया गया था।समय पर कार्य प्रारंभ नही किये जाने से वर्तमान में परियोजना एवं भूमि अधिग्रहण लागत अत्यधिक बढ़ गई है।मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री को अवगत कराया है कि राजस्थान सरकार बढ़ी हुई परियोजना लागत वहन करने में सक्षम नही है,इस लिए रेलवे व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वंय के संसाधनों से पूर्ण करवाये।हालांकि मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में भूमि अधिग्रहण की लागत का भुगतान राजस्थान सरकार द्वारा किया जावेगा।साथ ही इन्होंने इस प्रकरण में नीति आयोग के साथ चर्चा दिनांक 06.08.2021 के क्रम में परियोजना के जन जातीय क्षेत्र से सम्बंधित होने के दृष्टिगत, रेल मंत्रालय द्वारा exception-based अनुमोदन दिए जाने के लिए निवेदन किया है।अतः माननीय सभापति आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि प्रकरण में केंद्रीय बजट 2022-23 में प्रस्तावित पूंजीगत व्यय से राजस्थान सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए ताकि इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना को मूर्त रूप दिया जा सके।

## 588 करोड़ की लागत से बनने वाले आईपीडी टॉवर एवं हृदय रोग संस्थान का शिलान्यास

# चिकित्सा के क्षेत्र में आज से एक नई शुरूआत : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढ़ांचा सूदृढ बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से लोगों को 10 लाख रूपए तक नि:शुल्क इलाज उपलब्ध करवाकर प्रदेश के हर परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। योजना में शामिल परिवारों को 5 लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा भी दिया जा रहा है। प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में 1 अप्रेल से ओपीडी एवं आईपीडी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। केन्द्र सरकार भी इस दिशा में विचार कर देश के सभी सरकारी चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराए ताकि लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके। गहलोत मंगलवार को सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में 588 करोड़ की लागत से बनने




वाले आईपीडी टॉवर एवं हृदय रोग संस्थान के शिलान्यास के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाओं से युक्त इस आईपीडी टॉवर के शिलान्यास के साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में राजस्थान में आज नई शुरूआत हुई है। राज्य सरकार का मकसद है कि प्रदेश के हर गांव-ढ़ाणी तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही राइट टू हैल्थ कानून लाकर सभी को स्वास्थ्य का अधिकार प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्कूली बच्चों को प्राथमिक स्तर से ही स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास कर रही है।

# विवाद के बाद जोधपुर डिस्कॉम ने आदेश से रमजान हटाया

## मुस्लिम बहुल इलाकों में बिजली कटौती नहीं करने का आदेशपर बीजेपी बोली- ऐसा आदेश नवरात्रि के लिए क्यों नहीं?

**डूंगरपुर।** रमजान महीने में मुस्लिम बहुल इलाकों में बिजली कटौती नहीं करने के बिजली वितरण कंपनी (डिस्कॉम) के आदेश पर सियासत शुरू हो गई है। बीजेपी और हिंदूवादी संगठनों ने डिस्कॉम के आदेश को धर्म विशेष का तुष्टिकरण करार दिया है। इधर, रमजान पर मुस्लिम बहुल इलाकों में बिजली कटौती नहीं करने के 1 अप्रैल के जोधपुर डिस्कॉम के आदेश पर विवाद के बाद इसमें बदलाव किया गया है। आदेश से मुस्लिम बहुल इलाकों और रमजान शब्द हटा दिए हैं। अब संशोधित आदेश में लिखा है इस महीने आने वाले सभी त्योहारों पर आम जन की सुविधा और पानी सप्लाई सुचारू रखने के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें।इधर, डिस्कॉम के आदेश पर विवाद होने पर अब ऊर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी और डिस्कॉम एमडी ने तर्क दिया है कि इस तरह के आदेश हर बार निकलते हैं। डिस्कॉम एमडी ने कहा- हमारा काम अच्छी क्वालिटी की बिजली सप्लाई करना है। हर साल हम दिवाली-होली सहित हर धर्म के पर्वों और मेलों से पहले भी निर्बाध बिजली सप्लाई के आदेश निकालते हैं। किसी भी वर्ग से मांग आती है तो आदेश निकाले जाते हैं। राजस्थान बीजेपी ने ट्वीट किया-भीषण गर्मी में बिजली संकट से जूझ रहे राजस्थान में कटौती करने को तैयार कांग्रेस सरकार ने रमजान में मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बिजली कटौती न करने का आदेश जारी कर दिखा दिया है कि तुष्टिकरण क्या होता है।